# वेदवाणी

संस्कृत पाठ्यपुस्तक

भाग–1




लेखिकाएँ

**मनीषा विधौलिया**
एम.ए., बी.एड.

**रेखा मिश्रा**
एम.ए.(हिंदी, संस्कृत), बी.एड.

**एम. एम. सक्सैना**
एम.ए., बी.एड.

**रेखा सक्सैना**
एम.ए., बी.एड.



KRISTON PUBLICATIONS



Scanned with Cam

# वेदवाणी

## संस्कृत पाठ्यपुस्तक

Holy Cross Convent Sr. Sec. School
Ambikapur

## भाग – 2

लेखिकाएँ

मनीषा विधौलिया
एम.ए., बी.एड.

रेखा मिश्रा
एम.ए.(हिंदी, संस्कृत), बी.एड.

एम. एम. सक्सैना
एम.ए., बी.एड.

रेखा सक्सैना
एम.ए., बी.एड.




KRISTON PUBLICATIONS

Scanned with Cam

# ईश-वन्दना

Holy Cross Convent Sr. Sec. School * Ambikapur



त्वमेव माता च पिता त्वमेव,
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव,
त्वमेव सर्वम् मम देव-देव।

तुम्हीं माता हो और तुम्ही पिता हो,
तुम्हीं बन्धु हो और तुम्हीं मित्र हो,
तुम्हीं विद्या हो और तुम्हीं धन हो।
हे ईश्वर, तुम ही मेरे सब कुछ हो।

हे ईश्वर! त्वम् दयालुः असि। त्वम् कृपालुः असि। तव संकेतेन एव सकलानि कार्याणि चलन्ति। भानुः तव आज्ञया तपति। चन्द्रः अपि तव संकेतम् पालयति। वायुः अपि तव आज्ञाम् विना न चलति। त्वम् भक्तान् रक्षसि दुष्टान् च दण्डयसि। अस्मभ्यम् विद्याम् यच्छ। वयम् त्वाम् नमामः।

**अर्थ :**– *हे ईश्वर! तुम दयालु हो। तुम कृपालु हो। तुम्हारे ही इशारे से सारे कार्य चलते हैं। सूर्य तुम्हारी आज्ञा से तपता है। चन्द्रमा भी तुम्हारे ही इशारे का पालन करता है। वायु भी तुम्हारी आज्ञा के बिना नहीं चलती है। तुम भक्तों की रक्षा करते हो और दुष्टों को दण्ड देते हो। हमें विद्या दो। हम तुम्हें नमस्कार करते हैं।*



Scanned with Cam

# 1 लङ् लकार–प्रथम पुरुष

जो काम हो चुका होता है, उसे भूतकाल की क्रिया कहा जाता है। भूतकाल को संस्कृत भाषा में 'लङ् लकार' कहते हैं। लङ् लकार की क्रिया बनाने के लिए धातु के प्रारम्भ में 'अ' जोड़ा जाता है तथा अन्त में लगने वाले शब्द अलग होते हैं।

जैसे–पठ्– अ + पठ् + अत् = अपठत्
अ + पठ् + अताम् = अपठताम्
अ + पठ् + अन् = अपठन्



छात्रः अपठत्। एक छात्र ने पढ़ा।
छात्रः पुस्तकम् अपठत्। एक छात्र ने पुस्तक पढ़ा।



सिंहः अगर्जत्। एक सिंह ने दहाड़ा।
सिंहः वने अगर्जत्। एक सिंह ने जंगल में दहाड़ा।



क्रीडकौ अक्रीडताम्। दो खिलाड़ी खेले।
क्रीडकौ क्षेत्रे अक्रीडताम्। दो खिलाड़ी खेल के मैदान पर खेले।



भक्तौ अगच्छताम्। दो भक्त गए।
भक्तौ देवालयं अगच्छताम्। दो भक्त मंदिर ग



वानराः अकूर्दन्। सब बंदर कूदे।
वानराः वृक्षे अकूर्दन्। सब बंदर पेड़ से कूदे।



ते अखादन्। वे सब खाए।
ते भोजनं अखादन्। वे सब भोजन खाए।



Scanned with Cam

श्यामः एकः छात्रः आसीत्। तस्य एकं मित्रं आसीत्। तौ विद्यालयं अगच्छताम्। तौ तत्र अध्यापकं अनमताम्। तत्र अनेके छात्राः आसन्। सायं सर्वे छात्राः गृहम् अगच्छन्। सायंकाले श्यामः स्वमित्रेण सह क्रीडाक्षेत्रम् अगच्छत्। तौ तत्र कन्दुकेन अक्रीडताम्। रात्रौ श्यामः स्वपाठम् अस्मरत्। श्यामस्य माता तस्मै भोजनम् अयच्छत्। श्यामः भोजनम् अखादत् अस्वपत् च।

श्याम एक छात्र था। उसका एक मित्र था। वे दोनों विद्यालय गए। वे दोनों शिक्षक को प्रणाम किए। वहाँ अनेक छात्र थे। शाम को सब छात्र घर गए। शाम को श्याम अपने मित्र के साथ खेल के मैदान को गया। वे दोनों वहाँ गेंद से खेले। रात के समय श्याम ने अपना पाठ याद किया। श्याम की माता ने उसे भोजन दिया। श्याम भोजन खाया और सो गया।

## शब्दार्थः (Word Meaning)

| | | |
|---|---|---|
| छात्रः | = | विद्यार्थी (student) |
| पुस्तकम् | = | किताब (book) |
| सिंहः | = | शेर (lion) |
| वने | = | जंगल में (in the forest) |
| अगर्जत् | = | दहाड़ा (roared) |
| क्रीडकः | = | खिलाड़ी (player) |
| क्षेत्रे | = | मैदान में (in the field) |
| देवालयं | = | मन्दिर (temple) |
| वानराः | = | बन्दर (बहुत-से) (monkeys) |
| अकूर्दन् | = | कूदे (jumped) |
| वृक्षे | = | पेड़ पर (on the tree) |
| मित्रं | = | दोस्त (friend) |
| अध्यापकः | = | शिक्षक (teacher) |
| अपि | = | भी (also) |
| सायं | = | शाम (evening) |
| सर्वे | = | सभी (all) |
| गृहं | = | घर (home) |
| क्रीडाक्षेत्रम् | = | खेल का मैदान (playground) |
| अयच्छत् | = | दिया (gave) |
| अस्मरत् | = | याद किया (learned) |
| स्वमित्रेण सह | = | अपने मित्र के साथ (with his friend) |
| अस्वपत् | = | सो गया (slept) |
| क्रीडकौ | = | दो खिलाड़ी (two players) |



Scanned with Cam

# अभ्यास: (EXERCISE)



## मौखिक (Oral)

1. भूतकाल के पाँच वाक्य संस्कृत में बताइए। (Speak five sentences in past tense in Sanskrit)
2. 'अखादताम्' तथा 'अकूर्दन्' क्रिया शब्द किस काल तथा वचन के हैं? (Give the tense and number of 'अखादताम्' and 'अकूर्दन्')




## लिखित (Written)

1. हिन्दी में अनुवाद कीजिए–
(Translate into Hindi)

(क) कृषक: क्षेत्रम् अगच्छत्।
एक किसान खेत (को) गया।

(ख) सोहन: कलमेन अलिखत्।
सोहन कलम से लिखा।

(ग) मुकुल: राजेश: च आपणम् अगच्छताम्।
मुकुल और राजेश बाजार गए।

(घ) बालका: कन्दुकेन अक्रीडन्।
बच्चे गेंद से खेले।

(ङ) इशिता गीतम् अगायत्।
इशिता ने गीत गाया।

2. कोष्ठक में दी गई धातुओं के लङ् लकार के रूपों से वाक्य पूरे कीजिए–
(Complete the sentences with the past tense of the given roots)

(क) छात्रा: क्षेत्रे अक्रीडन् । (क्रीड्)

(ख) शुकौ वृक्षे अकूजताम् । (कूज्)

(ग) राम: लक्ष्मणेन सह अगच्छत्। (गम्)

(घ) महिम: निबन्धं अलिखत् । (लिख्)

(ङ) बाला: दुग्धम् अपिबन् । (पा)

(च) कृषकौ ग्रामम् अगच्छताम् । (गम्)



Scanned with Cam

**3.** **दिए गए शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–**

(Write the following words in correct order to make sentences)

(क) अगच्छत् / रामः / विद्यालयं।

(ख) क्षेत्रेषु / बीजानि / कृषकाः / अवपन्।

(ग) अधावताम् / तीव्रम् / अश्वौ।

(घ) पुत्राः / चत्वारः / आसन् / दशरथस्य।

(ङ) अखादत् / वानरः / आम्रफलानि।

(च) अहरत् / सीताम् / तत्र / रावणः।

**4.** **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए–**

(Correct the following sentences)

(क) बालकाः विद्यालयं अगच्छत्।

शुद्ध अगच्छन्

(ख) गजः वने अभ्रमन्।

शुद्ध अभ्रमत्

(ग) अश्वौ अधावन्।

शुद्ध अधावताम्

(घ) ते भोजनम् अखादत्।

शुद्ध अखादन्

(ङ) सैनिकः देशम् अरक्षताम्।

शुद्ध अरक्षत्

**5.** **निम्नलिखित वाक्यों को लङ् लकार (भूतकाल) में बदलिए–**

(Change the following sentences into past tense)

(क) अश्वः क्षेत्रे धावति।

अधावत्

(ख) ते छात्राः लिखन्ति।

अलिखन्



Scanned with Cam

(ग) शीला कवितां स्मरति।

अस्मरत्

(घ) तौ कुत्र गच्छतः ?

अगच्छताम्

(ङ) भवतौ देवालयं गच्छतः।

अगच्छताम्

(च) वने फलानि पतन्ति।

अपतन्

**6. संस्कृत भाषा में अनुवाद कीजिए–**

(Translate into Sanskrit)

(क) छात्र ने लेख लिखा।

छात्रः लेखम् अलिखत्।

(ख) दो बालकों ने कविता याद की।

बालकौ कविता अस्मरताम्

(ग) गीता और सुनीता विद्यालय गईं।

गीता सुनीता च विद्यालयम् अगच्छताम्

(घ) सैनिक युद्ध क्षेत्र में गए।

सैनिकाः युद्धक्षेत्रे अगच्छन्

(ङ) माँ ने भोजन बनाया।

अम्बा भोजनम् अपचत्



## रचनात्मक कार्य (Creative Activity)

**निम्नलिखित धातु रूपों के 'लङ् लकार' के प्रथम पुरुष के रूप एक चार्ट पर लिखकर कक्षा में लगाइए।**

वद्, स्था, नम्, लिख्, गम्,



Scanned with Cam

# 2 लङ् लकार – मध्यम पुरुष



त्वम् अपृच्छः। तुमने पूछा।
त्वम् प्रश्नम् अपृच्छः। तुमने एक सवाल पूछा।



त्वम् अगच्छः। तुम गए। / तू गया।
त्वम् आपणम् अगच्छः। तुम बाजार गए। / तू बाजार गया।



तुम दोनों खेले। युवाम् अक्रीडतम्।
तुम दोनों गेंद से खेले। युवाम् कन्दुकेन अक्रीडतम्।



तुम दोनों ने देखा। युवाम् अपश्यतम्।
तुम दोनों ने एक नाच देखा। युवाम् नृत्यम् अपश्यतम्।



यूयम् अपिबत। तुम सबने पीया।
यूयम् दुग्धं अपिबत। तुम सबने दूध पीया।



यूयम् अयच्छत। तुम सबने दिया।
यूयम् भिक्षुकाय वस्त्राणि अयच्छत। तुम सबने भिखारी के लिए कपड़ा दिया।

त्वम् गीताम् अपठः। त्वम् चित्रम् अपश्यः। त्वम् विद्यालयं अगच्छः। तत्र त्वम् निबन्धं अलिखः। त्वम् कविताम् अस्मरः। त्वम् मधुरं वचनं अवदः। युवाम् अपि विद्यालयं अगच्छतम्। युवाम् प्रश्नम् अपृच्छतम्। युवाम् क्रीडाक्षेत्रे अक्रीडतम्। यूयम् गृहम् अगच्छत। यूयम् भोजनं अखादत। यूयम् निर्मलम् जलम् अपिबत। सायंकाले युवाम् स्वपाठम् अपठतम्। युवाम् सूर्यम् अपश्यतम्। प्रातः युवाम् किमर्थं चिकित्सालयम् अगच्छतम्। यूयम् चित्रम् अपश्यत। यूयम् पुस्तकालये पुस्तकानि अपठत। यूयम् पत्राणि अलिखत। यूयम् मार्गे किम् अपश्यत ?

## शब्दार्थ: (Word Meaning)

मार्गे – रास्ते में (on the way)
प्रश्नम् – प्रश्न (question)
अगच्छः – गया (went)
कन्दुकम् – गेंद (ball)
दुग्धं – दूध (milk)
अस्मरः – याद की (learnt)
निर्मलम् – साफ (clean)
क्रीडाक्षेत्रं – खेल का मैदान (play ground)
स्वपाठम् – अपना पाठ (own Lesson)
अपृच्छः – पूछा (asked)
आपणम् – बाजार (market)
नृत्यम् – नाच (dance)
भिक्षुकः – भिखारी (beggar)
मधुरं – मीठे (sweet)
निबन्धं – निबन्ध (essay)

## अभ्यासः (EXERCISE)

### मौखिक (Oral)

1. लङ् लकार मध्यम पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग करते हुए पाँच वाक्य संस्कृत में बताइए।
(Make five sentences in Sanskrit using second person, past tense verbs)
2. निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण कीजिए तथा अर्थ बताइए।
(Pronounce the following words and tell their meanings)
आपणम्, अपश्यतम्, भिक्षुकाय, वस्त्राणि, पत्राणि

### लिखित (Written)

1. हिन्दी में अनुवाद कीजिए–
(Translate into Hindi)

(क) त्वम् प्रश्नम् अपृच्छः।
तुमने एक सवाल पूछा / तुमने प्रश्न पूछा।

(ख) यूयम् निर्धनेभ्यः धनम् अयच्छत।
तुम सबने गरीबों को धन दिया।

(ग) युवाम् विद्यालयम् अगच्छतम्।
तुम दोनों विद्यालय गए (थे)।



Scanned with Cam

(घ) त्वम् निबन्धं अलिखः।

तुमने निबंध लिखा

(ङ) युवाम् कन्दुकेन अक्रीडतम्।

तुम दोनों गेंद से खेले।

**2. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए–**

(Fill in the blanks with the help of given words)

(अगायत, युवाम्, त्वम्, अरक्षतम्, अपश्य:)

(क) त्वम् ईश्वरं अस्मरः।

(ख) युवाम् विद्यालयं अगच्छतम्।

(ग) यूयम् गीतानि अगायत ।

(घ) त्वम् चित्रम् अपश्यः ।

(ङ) युवाम् देशम् अरक्षतम् ।

**3. दिए गए शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–**

(Write the following words in correct order to make sentences)

(क) अपृच्छ:/अध्यापकं/प्रश्नं/त्वम्।

(ख) अरक्षतम् / युवाम् / शत्रुभ्य:/ स्वदेशम्।

(ग) यूयम् / ध्यानेन / अपठत / न / कक्षायाम्।

(घ) जनकेन / युवाम् / अगच्छतम् / सह।

(ङ) सफला: / अभवतम् / परीक्षायाम् / युवाम्।

**4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए–**

(Correct the following sentences)

(क) युवाम् मित्रै: सह अगच्छ:।

अगच्छतम् ।

(ख) त्वम् पुस्तकानि अपठत।

अपठः ।



Scanned with Cam

(ग) यूयम् भोजनम् अखादतम्।
अखादत ।

(घ) युवाम् शुकान् अपश्यः।
अपश्यतम् ।

(ङ) त्वम् क्रीड़ाक्षेत्रे अक्रीडत।
अक्रीडः ।

(च) यूयम् पाठम् अस्मरः।
अस्मरत ।

**5. एक शब्द में उत्तर दीजिए–**

(Answer in one word)

(क) त्वम् किम् आपठः ? गीताम्

(ख) त्वम् किम् अस्मरः ? कविताम्

(ग) युवाम् कुत्र अगच्छतम् ? विद्यालयम्

(घ) युवाम् किम् अपश्यतम् ? शुकम्

(ङ) यूयम् कुत्र पुस्तकानि अपठत ? पुस्तकालये

(च) यूयम् कानि अलिखत ? पत्राणि

**6. निम्नलिखित क्रियाओं से वाक्य बनाइए–**

(Make sentences from following verbs)

(क) अगच्छतम् — युवाम् विद्यालयं अगच्छतम्

(ख) अक्रीडत — यूयम् क्रीडाक्षेत्रे अक्रीडत ।

(ग) अस्मरत — यूयम् कविता अस्मरत ।

(घ) अपिबः — त्वम् जलम् / दुग्धम् अपिबः ।

(ङ) अनमतम् — युवाम् गुरुम् अनमताम् ।

(च) अलिखः — त्वम् पत्रम् अलिखः ।



## रचनात्मक कार्य (Creative Activity)

**दी गई तालिका में खाली स्थान पर उचित शब्द भरिए–**

| | | |
|---|---|---|
| अगच्छः | अगच्छतम् | अगच्छत |
| अक्रीडः | अक्रीडतम् | अक्रीडत |
| अपठत् | अपठताम् | अपठन् |
| अपठत् | अखादताम् | अखादन् |